संख्या–5543/1–10–2008–14(75)/2008–टीसी–2

प्रेषक,

शिशिर कुमार यादव,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बलिया।

राजस्व अनुभाग–10 लखनऊ दिनांक 01 दिसम्बर, 2008

विषयः वर्ष 2008–09 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त सार्वजनिक परिम्पत्तियों की आपदा राहत निधि के अन्तर्गत आवंटित धनराशि का समर्पण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–226/आ0ल0जि0–बाढ़, दिनांक 26 नवम्बर, 2008 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय आपदा राहत समिति की बैठक दिनांक 26.11.2008 में लिये गये निर्णय अनुसार " बलिया संसार टोला बांध के कि0मी0 0.00 से 26.00 के मध्य क्षतिग्रस्त तटबन्ध की मरम्मत का कार्य हेतु शासनादेश संख्या–5071/1–10–2008–12(73)/2008–टी0सी0–1, दिनांक 04.11.2008 द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0 159.06 लाख को निरस्त करते हुए उक्त धनराशि का समर्पण शासन द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।

भवदीय,

(शिशिर कुमार यादव)
उप सचिव

संख्या–5543(1)/1–10–2008–14(75)/2008टीसी–2,तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार, (लेखा)/महालेखाकार (आडिट)प्रथम, उ0 प्र0, इलाहाबाद।
2. मण्डलायुक्त आजमगढ़।
3. आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0 प्र0, लखनऊ।
4. वित्त व्यय–नियंत्रण अनुभाग–5
5. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी/राहत वेबसाइट के उपयोग हेतु/राजस्व अनुभाग–11
6. चालू वित्तीय वर्ष 2008–09 की धनावंटन पत्रावली एवं पत्रावली संख्या–12(86)/2008 में रखने हेतु ।
7. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(शिशिर कुमार यादव)
उप सचिव